# निर्माण संस्था, खण्डेल

**(ग्रामोत्थान के लिए समर्पित समाज सेवी संस्था)**

## हमारा प्रतिवेदन

(वर्ष 1986 से मार्च, 2022 तक)



कोरोना काल में खाद्य सामग्री राहत किट वितरण



बालिका संसद खण्डेल सासंद एवं मंत्री मण्डल



निर्माण संस्था खण्डेल की ग्राम सहायिकाऐं

वाया सांभरलेक, जिला-जयपुर राजस्थान, भारत- 303604

Email- nskhandel@yahoo.com • Web.: www.nirmansanstha.org


**कार्यक्षेत्र में निर्माण संस्था, खण्डेल द्वारा वर्ष 2004-05 से प्रतिमाह 300 से अधिक परिवारों को 5000 लीटर पेयजल टेंकर द्वारा वितरण किया जा रहा है।**











संपादक
रामेश्वर लाल वर्मा
निदेशक, निर्माण संस्था



डिजाईन एवं फोटोग्राफी
बागेश्वर वर्मा

वित्तीय सहयोग

खण्डेल लाईट, इंग्लैण्ड
Khandel light, England

# अनुक्रमणिका


| क्र.सं. | | पृष्ठ सं |
|---|---|---|
| 1 | संस्था के बारे में | 1 |
| 2 | संस्था के पूर्ण किये जा चुके कार्य | 2 |
| 3 | संस्था द्वारा वर्तमान में जारी कार्यक्रम | 3-4 |
| 4 | याद रहेगा कोरोना काल | 5 |
| 5 | निर्माण संस्था खण्डेल को वित्त पोषण- खण्डेल लाईट, इंग्लेण्ड चैरिटी | 6 |
| 6 | प्रेरक प्रसंग 1 -पूजा की कहानी | 7 |
| 7 | प्रेरक प्रसंग 2 - एक अनूठी पहल बालिका संसद, खण्डेल | 8 |
| 8 | वे कारण जिनकी वजह से बालिका संसद अस्तित्व में आई | 8-9 |
| 9 | प्रेरक प्रसंग 3 -श्री चर्तुभुज रैगर | 9-10 |
| 10 | संकट में सहारा बने हम ( निदेशक की कलम से ) | 11 |
| 11 | अतिथियों की नजर में निर्माण संस्था, खण्डेल | 12-13 |
| 12 | प्रिन्ट मिडिया की नजर में निर्माण संस्था, खण्डेल | 14-15 |
| 13 | बैलेंस शीट 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 तीन वर्ष | 16-17 |
| 14 | आय-व्यय लेखे 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 तीन वर्ष | 18-19 |
| 15 | सांख्यिकी उपलब्धियां मार्च 2022 तक | 20 |

# निर्माण संस्था, खण्डेल - जयपुर, राजस्थान

## वर्ष 1986 से मार्च 2022 तक का सम्मिलित प्रतिवेदन




निर्माण संस्था, खण्डेल कार्यालय परिसर

निर्माण संस्था का स्वरूप एक समाज सेवी संस्था के रूप में 15 अक्टूबर 1986 को अस्तित्व में आया। संस्था का अपना 12ए, 80 जी एवं एफसीआरए पंजीकरण भी समय–समय पर कराया जाता रहा है। इस तरह संस्था का अपना वैधानिक स्वरूप बना हुआ है। विगत 36 वर्षों के कार्यकाल में अनेक उतार–चढ़ाव आए परंतु संस्था का जनहित कार्य बिना कोई रूकावट के जारी है। प्रत्येक माह की 15वीं तिथी को ग्रामीणों की साथ बैठक (15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अलावा) वर्ष 1987 के अक्टूबर माह से मध्यान्ह् 1:00 बजे से 4:00 बजे तक होती है, जहाँ कार्य क्षेत्र के गांवों से 500 से अधिक ग्रामीण भाग लेते हैं। इस बैठक के माध्यम से जनता से सीधा जुड़ाव बना होने के कारण कार्यकर्त्ताओं एवं जनता में हर माह इस बैठक के बाद नया उत्साह भर जाता है जो अगले माह की बैठक तक हम सभी को तरो–ताजा बनाए रखता है। इस बैठक में विगत माह में किए गये कार्यों का मूल्यांकन एवं आने वाले माह की कार्य योजना तैयार करते हैं।




निर्माण संस्था, खण्डेल कार्यकारणी सभा



मासिक बैठक में एक महिला अपनी बात कहते हुए

संस्था द्वारा अनेक विकासोन्मुख कार्य किए जा रहे हैं। इन विकास कार्यों में समाज के गरीब या पिछड़े परिवारों को महत्व दिया जाता है, साथ ही वे लोग जो 15 तारीख की मासिक बैठक में खण्डेल आते हैं उनकी सुख सुविधाओं एवं जीवन स्तर में बदलाव लाने का कार्य किया जाता है। संस्था द्वारा लाभार्थी का चयन किसी भी तरह के जाति, वर्ग, धर्म के भेदभाव बिना किया जाता है। संस्था की स्थापना के समय ही यह सब सोच लिया गया था। हमारा देश संगठित बने, समस्या मुक्त बने, राष्ट्रीयता की भावना बनी रहे, लोगों में

आपस में मधुर संबंध बने। इसके अलावा लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए पर्यावरण विकास, जन जागरण एवं जल संग्रहण, आपदा के समय जागरण एवं लोगों की अपेक्षित जानकारी बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त सभी कार्य समाज में दबे हुए, डरे हुए एवं पिछड़े हुए ग्रामीणों को लक्ष्य मानकर किये जा रहे हैं।

**वे कार्य जो पूर्व में किए गये परन्तु वर्तमान में संचालित नहीं है जैसे–**

1. कुए खोदना एवं गहरे करना, पूर्व में 74 कुए गहरे कराये गये तथा नये खुदाये गये।
2. 32 हैण्डपम्प संधारण किया गया।
3. 4042 एकड़ भूमि समतलीकरण कराया गया



दंत चिकित्सा शिविर



निर्माण संस्था का ( वर्षा जल संग्रहण ) ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम

4. 5 प्रतिशत ब्याज पर 1335 किसानों को फसली ऋण देना।
5. 537 परिवारों के यहां उन्नत नस्ल के बीज से फसल प्रदर्शन कराये गये।
6. नर्सरी लगाना, 10 लाख से अधिक बीज से पौधे तैयार कर वृक्षारोपण कराया गया।
7. भू–गर्भीय पानी की तलाश में भू–भौतिकीय सर्वेक्षण कराया गया।
8. 1308 किसानों के यहाँ जल एवं मृदा का वैज्ञानिक परीक्षण कराकर फसल उगाना।
9. पशु चिकित्सा शिविर लगाकर 12458 पशुओं का उपचार कराया गया।
10. सरस डेयरी जयपुर को दुग्ध विक्रय हेतु कार्यक्षेत्र में दुग्ध संग्रहण केन्द्र खुलवाये गये।
11. बेराजगार युवाओं को 30 बकरी यूनिट (10 मादा व 1 नर ) देकर स्वरोजगार दिया गया
12. 580 किसानों को अन्न भंडारण प्रशिक्षण के बाद 3 क्विंटल क्षमता का धातु निर्मित भंडारण पात्र दिया गया।
13. 64 गांवाई तालब में वर्षा जल संग्रहण कार्य से किया गया। उनकी भराव क्षमता 20 से 50 गुना बड़ाई गई।



सृष्टि वर्मा, MPS नेमी चंद कुमावत एवं रामेश्वर लाल वर्मा द्वारा वृक्षारोपण

14. सूखे के समय सस्ता चारा देने के लिए चारा डिपो संचालन किया गया।

15. जीवन ज्योति योजनान्तर्गत 69 परिवारों के यहाँ आवासीय घर बनवाये गये।

16. ग्रामीणों की जरूरत अनुसार 27 विशेष चिकित्सा शिविर– आँख, नाक कान गला, कैंसर, विकलांगता एवं महिला चिकित्सा द्वारा 6832 ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार कराया गया।

17. कार्यक्षेत्र में 45 रात्रि स्कूलों का संचालन किया गया।



पशु चिकित्सा शिविर

18. एक वर्ष तक संस्था के वाहन से 168 विद्यार्थियों को स्कूल/कॉलेज तक परिवहन सेवा दी गई।

19. पानी, पर्यावरण, स्वच्छता जागरण हेतु 86 शिविर लगाये गये।

20. 26 गरीबों को कानूनी सहायता दी गई।

21. 5739 महिलाओं को साक्षर किया गया।

22. शुद्व पेयजल हेतु 34 गांवाई कुए पेयजल हेतु गहरे/सफाई कराई गई।

23. 210 बार कार्यकर्त्ताओं एवं ग्रामीणों के लिए प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।



सूखे के समय चारा डिपो संचालन

24. 33 बार युवाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन में 7939 युवाओं में से विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कार दिय गया।

25. सांभर साल्ट लिमिटेड से प्राप्त 100 टन आयोडिन नमक निःशुल्क वितरण किया गया।

26. बालिका प्रोत्साहन हेतु 65 नवजात बालिका की माताओं को विशेष पोषाहार दिया गया।

**वर्तमान में जारी कार्यक्रमों का विवरणः–**

1. अब तक गरीबों के यहां 562 शौचालय बनाये गये हैं

2. 10 हजार लीटर क्षमता के 704 जलघर (पेयजल भंडारण) गरीबों के यहाँ बनाये गये

3. गरीब को छत योजनान्तर्गत 554 परिवरों को



जीवन ज्योति योजनान्तर्गत आवासीय घर निर्माण

धातु निर्मित छत दी गई।

4. 10 लाख से अधिक पौधों का वृक्षारोपण किया जा चुका है।

5. 1349 गरीब विद्यार्थियों को 24 लाख रूपये से अधिक की शैक्षणिक सहायता दी गई।

6. 3129 माताओं को प्रसव एवं प्रसवोत्तर सेवाएं दी गई।

7. 4976 किशोरी बालिकाओं को सेनेट्री नेपकिन दिये गये, प्रतिवर्ष औसत 500 के लिये सेवा जारी है।



स्वैच्छिक श्रमदान कार्य

8. वर्ष 2003–04 से प्रतिमाह 5000 लीटर पेयजल टेंकर द्वारा नवीनतम 350 परिवारों को वितरण किया जा रहा है

9. 516 युवक–युवतियों को स्वरोजगार हेतु नर्सरी लगाना, कंप्यूटर संचालन, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, दरी बनाना, साबुन बनाना जैसे कार्य सिखाए गये।

10. 2908 ग्रामीणोंको 30 विशेष शैक्षणिक भ्रमण राजस्थान एवं राजस्थान से बाहर कराया गया।

11. 1453 परिवारों को सूखा एवं अभाव के समय स्वेटर, कंबल, स्टाल (दुपट्टा) बिस्तर वितरण किये गये।

12. 39 दुग्ध उत्पादक पशुपालकों को चारा काटने की मशीन से लाभान्वित किया।



दुग्ध उत्पादकों को चारा काटने की मशीन वितरण

13. बालिका संसद, खण्डेल की 40 प्रतिभावान् बालिकाओं को शैक्षणिक टेबलेट दिये गये




RSCIT कंप्यूटर प्रशिक्षणार्थी

14. बालिका संसद की 126 निर्वाचित सांसदों को स्कूल बैग वितरण किये गयें।

15. कार्यक्षैत्र में से चयनित 41 वृद्ध, विकलांग, निर्बलजन को कार्यकारी पूंजी, बिस्तर स्वरूप एक बैडशीट, गद्दा एवं कंबल दी गई।

16. वर्तमान में 700 से अधिक किशोरी बालिकाओं का बालिका संसद, खण्डेल के माध्यम से सशक्तिकरण हो रहा है।

17. कोरोना काल (मार्च 2020 से मार्च 2022) में 1463 ग्रामीणों एवं 1087 किशोरी बालिकाओं

को कुल मिलाकर 2450 परिवारों को खाद्य सामग्री राहत किट वितरण किया गया।

18. अग्नि, दुर्घटना, विधवा, विकलांग, वृद्ध, कोरोना एवं अतिवृष्टि से प्रभावित 3088 ग्रामीणों को तात्कालिक राहत पहुँचाई।

19. उपरोक्त सभी कार्यक्रमों से 548253 मानव दिवस का विशेष रोजगार ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को दिया गया।



बालिका संसद अधिवेशन में दोपहर का खाना खाते हुए

### याद रहेगा कोरोना काल(मार्च 2020 से मार्च 2022)

नवंबर 2019 में कोरोना COVID-19 दुनिया के अखबार और टेलिविजन में जगह बनाता जा रहा था। मार्च 2020 के आते–आते कोरोना का असर भारत में भी इतना बढ़ गया कि मार्च 2020 में भारत में भी लॉक डाउन लगाया गया, जो लंबे समय तक रहा। लॉक डाउन के समय लोगों का आना–जाना, कारोबार यातायात सब रूक गये। भारत सरकार की तरफ से कहा गया कि जो जहाँ है वहीं रूक जाओ, लोगों को खाने–पीने की सुविधा जहाँ थमे थे वहीं सरकार और समाज द्वारा दी गई, बावजूद इसके मजदूर लोग सैंकड़ों किलोमीटर दूर से पैदल ही अपने बाल–बच्चों के पास जाने को निकल गये। भूख, प्यास में समाज और सरकार ने मूलभूत खान–पान कराया। लाखों लोगों को सरकार ने रेल और बस से अपने–अपने घर के निकट तक पहुँचाया। गरीबों के पास खाने–पीने की समस्या खड़ी हो गई, रोजगार तो दूर की बात अपने आप को स्वस्थ और जिंदा रखना भी चेतावनी पूर्ण कार्य हो गया था। निर्माण संस्था, खण्डेल द्वारा इस विकट परिस्थिति में भी अपने कार्यक्रम धीरे–धीरे ही सही जारी रखा। कोरोना वायरस की सरकारी गाईड लाईन अनुसार काम जारी रखा। पत्राचार के माध्यम से आवश्यक जानकारी घर–घर पहुँचाई गयी, सावधानी के तौर तरीके जैसे–सरकारी निर्देशानुसार बार–बार 20 सैकंड तक साबून से हाथ धोना, मीटिंग आदि नहीं करना, भीड़–भाड़ में नहीं जाना, परस्पर 2 गज की दूरी बनाए रखना, मास्क लगाकर रहना एवं अनावश्यक बजार नहीं जाने की बातें सुझाव स्वरूप ग्रामीणों को बताई। क्षेत्र के सभी लोगों ने कोरोना के विरूद्ध सभी गाईड लाईन की पालना की, जिससे




अन्न क्षेत्र फाउन्डेशन जयपुर से प्राप्त खाद्य सामग्री वितरण



कोरोना काल में बालिका संसद की बालिकाओं को खाद्य सामग्री वितरण

निर्माण संस्था, खण्डेल के क्षेत्र में कोरोना अपने पांव नहीं पसार सका, परन्तु गांव के लोग जो बाहर महानगरों में रोजगार करते थे उनके आने से समाज में प्रभाव जरूर पड़ा, कुछ मौतें भी हुई परन्तु निर्माण संस्था, खण्डेल की ओर से किये जा रहे जन–जागरण एवं सरकारी दिशा निर्देश की पालना करने से कोरोना संकट में लोगों ने अपने आप को बचा लिया। मार्च 2020 से फरवरी 2022 तक के कोरोना काल में निर्माण संस्था, खण्डेल द्वारा अपने क्षेत्र के 2450 जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सामग्री राहत किट (राशन) निःशुल्क वितरण किया जिसमें– आटा, चावल, दाल, मसाले, नमक, खाद्य तेल, साबुन, टूथपेस्ट, मास्क, बालिकाओं को दुपट्टा एवं नेपकिन निःशुल्क वितरण किये गये। इस संकट के समय 9688 ग्रामीणों को अन्न क्षेत्र फाउन्डेशन, जयपुर से प्राप्त अन्य खाद्य सामग्री जैसे– बिस्किट, चॉकलेट, चाय, मिल्क रोज, ज्यूस आदि वितरण किये। गांवों में सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव भी कराया गया। जन–जागरण एवं राहत सामग्री वितरण से क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी और उत्साह बना रहा। अनेक पाबंदियो के बावजूद निर्माण संस्था, खण्डेल द्वारा जनसेवा का यह अभियान चेतावनी मानकर जारी रखा गया। कोरोना के खतरे से सदैव सजग रहने की जरूरत है।



निर्माण खण्डेल की आम सभा 2022



कोरोना काल में किसानों को उन्नत नस्ल का बीज वितरण

**वित्त पोषण – खण्डेल लाईट, इंग्लेण्ड चैरिटी द्वारा**

**<u>एक अनुपम उदाहरण :–</u>**

1995 से 1999 तक इंग्लेण्ड के स्कूलों से कुछ विद्यार्थी निर्माण संस्था खण्डेल द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी के लिए शैक्षणिक भ्रमण स्वरूप आए थे, इनमें विद्यार्थियों के साथ उनके माता–पिता, अध्यापक एवं डॉक्टर भी साथ आए थे। संस्था का कार्य अच्छा लगने के कारण 7–8 वर्ष में हर बार नये विद्यार्थियों के साथ आते–जाते रहे। डॉक्टर पीटर गॉफ जो पेशे से मेडिकल डॉक्टर हैं अनेक बार खण्डेल आए थे, उन्होंने संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयासों से स्वःप्रेरित होकर सहयोग करने के इरादे से वर्ष 2000 में लंदन में एक चैरिटी रजिस्टर करने का निर्णय लिया, इस हेतु संस्था निदेशक रामेश्वर लाल वर्मा को सलाह, मशविरा हेतु इंग्लैण्ड बुलाया गया। इंग्लैण्ड में अनेक लोगों की साथ अनेक बैठकों के बाद एक अंतिम निर्णायक बैठक में खण्डेल लाईट, इंग्लैण्ड संस्था का पंजीकरण लंदन




लंदन मेराथन में खण्डेल लाईट टीम की भागीदारी




निदेशक एवं बागेश्वर वर्मा इंग्लेण्ड में प्राइमरी स्कूल के बच्चों की साथ

में कराना निश्चित हुआ, जिसका पंजीकरण जून 2000 में लंदन में हुआ। इस चैरिटी में अनेक समृद्ध अंग्रेज लोग अनुदान इक्ट्ठा करते हैं जो इस चैरिटी के माध्यम से निर्माण संस्था, खण्डेल को भेजते हैं। मार्च 2022 को निर्माण संस्था, खण्डेल को कार्य करते हुए 36 वर्ष पूर्ण हो गये हैं। हम बिना रूके, बिना थके, बिना डरे क्षेत्र के लोगों के बीच रहकर निरंतर काम कर रहे हैं। इस अभिनव कार्यक्रम में हम सभी से सहयोग, समर्थन एवं मार्गदर्शन की सदैव आशा लगाये रहते हैं।

**प्रेरक प्रसंग – 1**

## सशक्त बालिका पूजा, जेतपुरा की कहानी

मैं पूजा प्रजापत 18 वर्ष की किशोरी बालिका हूँ। मेरी माताजी लगभग अंधी व पिताजी दुर्घटना के बाद लगभग विकलांग है। मेरे माता–पिता कोई भी धनोपार्जन का काम नहीं कर सकते हैं। 2018 में मैं बालिका संसद खण्डेल से जुड़ी, 2019 के बालिका संसद के चुनाव में सांसद निर्वाचित होकर योजना मंत्री बनी। एक दिन संसद के अधिवेशन में सम्मिलित होने में देरी हो गई, कारण पूछे जाने पर बताया कि मेरी मां अंधी और पिता विकलांग है। घर का सारा काम और माता–पिता की देखभाल मुझे स्वंय करनी पड़ती है। आज घर में पानी नहीं था, कुएं से पानी लाने में देरी हो गयी। यह कहते–कहते पूजा की आँखों से आंसू आ गये। संसद के अधिवेशन के बाद पूजा से अलग से बात की गई, ऐसा लगा जैसे घरेलु समस्याओं का सारा पहाड़ उसी के ऊपर पड़ा हुआ है। सिलाई करके घर का खर्चा चलाती हूँ। 1 बड़ा भाई मजदूरी करता है, जयपुर रहता है, परन्तु परिवार की मद्द नहीं करता है। कभी–कभी तीनों से साथ मारपीट भी करता है। ज्यादा गहनता से पूछे जाने पर पूजा ने बताया कि मेरा बाल–विवाह करके मेरे बदले में दूसरे परिवार की लड़की से मेरा भाई स्वंय की शादी करना चाहता था। पूजा ने बताया मैंने बहुत संघर्ष किया, मारपीट भी खायी परन्तु अपना बाल–विवाह नहीं होने दिया। मै। 2019 में बालिका संसद, खण्डेल में सांसद व मंत्री निर्वाचन होने के बाद लगातार बैठकों में भाग लेती हूँ। बाल–विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, दहेज आदि के बारे में समझ आई। परिवार के सदस्यों द्वारा बेटी पर गहन निगरानी रखे जाने वाली बातों से जानकार हुई। संसद की बैठकों में जुड़ने के बाद मुझे ऐसा लगने लगा कि मेरे दिमाग की जो खिड़कियां अपने घर में ही खुलती थी और घर में ही बंद होती थी, अब मुझे लगने लगा कि उससे बाहर भी दुनिया बहुत हसीन व खूबसूरत है। मुझे अपने आप मैं संसद अधिवेशनों में सम्मिलित होने से ऐसा लगने लगा कि मेरे मन कि खिड़कियों में से अब मै चारों तरफ देख सकती हूँ, अर्थात अब मुझमें आत्मसम्मान और



पूजा प्रजापत अपने घर पर सिलाई करती हुई

आत्मविश्वास बढ़ रहा है। संसद में सम्मिलित होने के बाद गांव में मेरी पहचान बढ़ी है, मेरे घर में प्राथमिकता से 5000 लीटर पानी क्षमता का जलघर बनवाया गया, उसमें नियमित रूप से प्रत्येक माह पीने का पानी मिल रहा है, जिससे मेरा समय बचा है। अब मै ज्यादा समय सिलाई करके अपनी अंधी मां और विकलांग पिता के लिए दवाई खरीद पा रही हूँ। पूजा ने बताया निर्माण संस्था, खण्डेल के संपर्क में आने के बाद मेरे अंदर उत्साह और विश्वास जगा है। घर पर ही पढ़ाई करती हूँ, घर के बाहर जाने की स्थिति नहीं है, ऐसे में निर्माण संस्था, खण्डेल से प्राप्त शैक्षणिक टेबलेट से मेरा उत्साह और बढ़ गया है। अब तक मैंने हमारे गांव से बालिका संसद में 20 अन्य किशोरी बालिकाओं को जोड़ा है, और 15 ग्रामीण महिलाओं को निर्माण संस्था, खण्डेल की बैठकों में आने के लिए प्रेरित किया है। मैं 3 वर्षीय डिग्री कोर्स के लिए द्वितीय वर्ष की प्राईवेट विद्यार्थी हूँ। निर्माण संस्था, खण्डेल की बालिका संसद कार्यक्रम में सम्मिलित हो जाने से मुझे सहारा एवं प्रेरणा मिली है, मैं सोचती हूँ कि मेरा भविष्य भी अच्छी लड़कियों में शुमार होगा और मैं इसके लिए सत्त् कोशिश करती रहूँगी।

**प्रेरक प्रसंग – 2**

**एक अनूठी पहल बालिका संसद, खण्डेल (Girls Parliament)**

ग्रामीणों के साथ बैठको के समय अनेक किशोरी बालिकाएं भी बैठकों में आ जाती थी। दबे स्वर में अनेक बालिकाओं ने अपने लिए कोई कार्यक्रम बनाने का आग्रह इन बैठकों मे किया। परिणामस्वरूप वर्ष 2018–19 में सभी 20 गांवों में किशोरी बालिका समूह की एक सामूहिक बैठक खण्डेल में आयोजित हुई, जिसमें किशोरी बालिकाओं को सशक्त होने के लिए बालिका संसद का एक विशेष कार्यक्रम तैयार किया गया, जिसमें 12 से 20 वर्ष तक की अविवाहित बालिकाएं बालिका संसद की मतदाता मानी गई। प्रत्येक 10 से 15 बालिकाओं पर 1 सांसद का निर्वाचन होना निश्चित किया। कुल मिलाकर 45 से 50 सांसद चुने जाएंगे, जिसमें 7 मंत्रीमण्डल। 1. प्रधानमंत्री, 2. अध्यक्षा, 3. वित्त मंत्री, 4. योजना मंत्री, 5. आवास पुर्नवास मंत्री, 6. जनसंपर्क मंत्री एवं 7. संगठन मंत्री इस तरह 50 सांसदों तक की बालिका संसद का हाऊस गठन करना निश्चित हुआ। इस बैठक में बालिकाओं ने व्यक्तिगत पेपर सर्वेक्षण में अनेक कारण गिनाए, जिनकी वजह से बालिका संसद कार्यक्रम बना।


कोराना काल में ग्रामीणों को राशन सामग्री राहत किट


बालिका मेला खण्डेल में बालिका रस्सा-कसी प्रतियोगिता

**वे कारण जिनकी वजह से बालिका संसद अस्तित्व में आई:–**

1. घर से स्कूल / कॉलेज दूर है तो पढ़ने नहीं जाने देते
2. हमारे ऊपर पूरी निगरानी रखी जाती है, अकेले आस–पड़ौस में भी नहीं जा सकती
3. हमारे जीवन को परिवार की इज्जत से

जोड़ते हैं।

4. हमें घर–परिवार के काम में खूब लिया जाता हैं

5. 15–16 वर्ष की उम्र के बाद परिवार म ें हमारे सामने ही शादी की बातें होने लग जाती हैं।

6. 18 वर्ष बड़ी मुश्किल से पूर्ण होते हैं, घर वाले जल्दी शादी करके मुक्त होना चाहते हैं।

7. प्रत्येक गतिविधी पर घर में टोका–टाकी आम बात हैं।

8. उच्च शिक्षा या कॉलेज तक पहुँचने का सामाजिक माहौल नहीं है।



बालिका संसद अधिवेशन का दृश्य

9. स्कूल / कॉलेज में अनेक तरह की प्रताड़नाओं से गुजरना पड़ता है।

10. पुरूष वर्ग से बात करना तो घर वालों को पचता ही नहीं है।

11. स्कूल / कॉलेज, घरेलु कार्यों में आने–जाने पर थोड़ा भी विलंब हो जाता है तो हमें सही होने का संतोषप्रद जवाब देना पड़ता है, नहीं तो निगरानी बढ़ जाती है।

12. यहाँ तक कि छोटा भाई भी हमें गाईड करना चाहता है, जैसे हमें कुछ नहीं आता।



गरीब को टीन शेड लाभार्थी

13. घर में मां–बाप के अलावा किसी का समर्थन नहीं मिलता है



15 तारीख की मासिक बैठक में उपस्थित ग्रामीण

14. शादी से पहले कुछ काम सीख जावें तो विपत्ती के समय अपना जीवन यापन कर सके


15. **हमें पराया धन मत कहो, जन्मभूमि और परिवार से जुड़े रहना चाहती हैं**

16. संस्था में एक सुझाव पेटिका हो जिसमें बालिका जो न कह सके वह लिखकर बता सके।

**प्रेरक प्रसंग–3**

मेरा नाम चतुर्भुज रैगर और मेरी पत्नी का नाम श्रीमती शांति देवी हैं। हम ग्राम भैसलाना में रहते

हैं। मैंने 1981 में 10 वीं परीक्षा दी थी लेकिन गरीबी के कारण पढ़ाई ठीक तरह से नहीं कर पाया और फेल हो गया। फिर



मैंने आई टी आई करनी चाही, लेकिन उसमें भी मैं फेल हो गया। कुछ वर्षों तक इधर–उधर मजदूरी की लेकिन गुजारा नहीं हुआ। स्थायी रोजगार ना होने की वजह से मेरी आर्थिक स्थिति खराब ही रही। चर्मकार होने के नाते मेरे गांव में लोग नफरत करते थे, मुझे बहुत हीन भावना से देखते थे, फिर मैंने निर्माण संस्था, खंडेल के बारे में अपने गांव में ग्रामीणों से सुना और मैं निर्माण संस्था खंडेल की  बैठक में सम्मलित होने लगा। ऐसे में निर्माण संस्था खंडेल की बैठकों में जाने से मेरे घर पर शौचालय का निर्माण संस्था द्वारा करवाया जिसमें



**शौचालय लाभार्थी**

मुझे स्वच्छ 5000 लीटर पेयजल प्रतिमाह मिल रहा है। कोरोना काल के समय मुझे निर्माण संस्था, खंडेल की ओर से खाद्य सामग्री के किट दो बार प्राप्त हुए। मेरी बेटियां निर्माण संस्था, खंडेल की बालिका समूह की बैठकों में जाती है, उन्हेंभी करोना काल में दो बार खाद्य सामग्री के किट प्राप्त हुए एवं निर्माण संस्था खंडेल में मेरी बेटियों को ओढ़ने का दुपट्टा स्टोल भी मिला। अल्पाहार स्वरूप अनेक बार बिस्किट, ज्यूस एवं चाकलेट आदि भी मिले। हमें कोरोना काल में ढेर सारी कोरोना से संबंधित जानकारी एवं बचाव आदि उपाय संस्था द्वारा समय–समय पर बताये जाते रहे। अब तक मैंने अपनी पांच बेटियों की शादी कर दी। वे अपने ससुराल में अच्छा जीवन जी रही है। मेरे गांव में जूते चप्पल बेचने की छोटी सी दुकान है, परंतु उसमें भी सामान नहीं था मेरे आग्रह पर निर्माण संस्था खंडेल से मुझे 4000 रू. नगद मिले जिससे मैं अपनी दुकान में सामान खरीदकर रखा और आज रूपये 700 से 800 तक की कमाई रोज होती है। इस से मेरी आर्थिक स्थिति में भी काफी सुधार आया है। इस चर्मकारी की दुकान से मेरा घर का खर्चा एवं परिवार में लड़कियों की पढ़ाई आदि का खर्चा चलता है। मैं पहले शराब पीता था, लेकिन निर्माण संस्था से जुड़ने के बाद मैंने शराब पीना बंद कर दिया और आज मैं और मेरा परिवार सुखद जीवन जी रहे हैं। मैं इस का पूरा श्रेय एकमात्र निर्माण संस्था, खंडेल को देना चाहूंगा जिससे जुड़ने के बाद मेरा जीवन बिल्कुल बदल गयाहै और मैं आशा करताहूं कि मेरा जीवन आगे और अच्छा हो जायेगा। इस हेतु मैं निर्माण संस्था का अभारी हूँ।



**बालिका संसद खण्डेल को पुलिस का मार्गदर्शन**



**संकट में सहारा बने हम...**

जहाँ तक मेरी जानकारी है दुनिया में समाज सेवा की प्रथम शुरूआत महाराज विक्रमादित्य ने की थी एवं आज के संदर्भ में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे श्रीमान् भैरोसिंह शेखावत ने अंत्योदय योजना की शुरूआत करके सभी सामाजिक सेवा की भावना को जीवंत बना दिया था। जिसके वर्तमान में अनेक स्वरूप बन गये हैं। इसी भावना से प्रेरित होकर अपने लोगों में काम करने की इच्छा जागृत हुई। सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए वर्ष 1986 में निर्माण संस्था खंडेल की शुरू आत की गई।




बालिका संसद प्रधानमंत्री के साथ अतिथि

कितना काम हुआ यह तो आप इस रिपोर्ट में पढ लिए होंगे या पढेगे परंतु यह सेवा भाव का कार्य रूके नहीं इसलिए निरंतर काम चल रहा है। 15 तारीख की मासिक बैठक में कार्य क्षेत्र के ग्रामीणों से प्रत्येक माह खंडेल में मिलना (15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अलावा)। इस बैठक में कार्यक्षेत्र के गांवो से 500 से अधिक ग्रामीण माह में एक बार उनकी सुनना, उनसे मिलना उनके दुख दर्द को सुनना उनकी खुशियों में सम्मिलित होने से हर बार संस्था के सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह/उर्जा बढ़ जाती है। ग्रामीण भी विगत माह की प्रगति और आने वाले माह की कार्ययोजना से परिचित हो जाते है साथ ही अन्य उपयोगी जानकारी पाकर हंसते गाते नाचते देखे जाते हैं, 69 वर्ष की आयु पूर्ण हो रही है। 1986 जैसा ही उत्साह उमंग और काम करने की ललक बनी हुई तभी तो! बिना रूके, बिना डरे, ग्रामीण जन जीवन में खुशियाँ मना रहा हूँ। हमारे लोग समस्याओं को पछाड़ते रहे आगे बढ़ते रहे और उन्हें निर्माण संस्था से संबल मिलता रहे, यही जीवन की परिकल्पना है दृष्टि पवित्र और परमार्थ जैसी ही रखने से दुनिया बहुत खूबसूरत और रंगीन लगती है। आओ हम सब मिलकर अपने देशवासियों को समृद्ध, सशक्त और जागरूक बनाने के लिए इस पुनीत काम में चलते ही रहें। इसी सोच से हमें आगे की प्रेरणा मिलती रहेगी।



कोरोना काल में फसल खराब होने पर 241 किसानों को आर्थिक सहायता वितरण

**आओ चले नए भारत की ओर............................**

**रामेश्वर लाल वर्मा**
**निदेशक**
**निर्माण संस्था, खण्डेल**

# अतिथियों की नजर में निर्माण संस्था, खण्डेल

| क्र.सं. | नाम | प्रतिक्रिया |
|---|---|---|
| 1 | श्री पी.के. गुप्ता<br>कपार्ट , R.A. 15/7/89 | Future of Nirman Sanstha seems bright under the leadership of Rameshwar Lal Verma, who is really good organisor, motivator, devoted in the development of rural poor of the area. Achievements made so far in only 3 years are excellent. |
| 2 | श्री नरेन्द्र कुमार सिंह, विकसत<br>अहमदाबाद 16/12/89 | निर्माण संस्था, खण्डेल के श्री रामेश्वर लाल जी एवं अन्य सहकर्मियों द्वारा प्राप्त सहयोग अवर्णनीय है, उसे मैं शब्दों में व्यक्तनहीं कर सकता ऐसा लगता है कि मैं अपने परिवार में ही हूँ। |
| 3 | श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा<br>प्रयत्न संस्थान, सोलावता 7/3/90 | ग्रामीण विकास में उत्साही कार्यकर्त्ताओं का दल अन्य क्षेत्र के लिए भी अनुकरणनीय है। |
| 4 | Sh. Berry Underwood<br>Oxfam, Ahamdabad 7/3/90 | Best wishes for the Durry training program. It will bring benefit to the women of the villages. |
| 5 | श्री संजय शर्मा VHAI, Delhi<br>15/7/90 | संस्था में आने की इच्छा काफी दिनों से थी, आज आकर दिल खुश हो गया। माहौल बहुत अच्छा है और बदलाव के लिए अनुकुल। |
| 6 | Sh. NINAN OOMMEN<br>Help Age India 8/8/90 | Work done is good my best wishes to all staff members. |
| 7 | श्री उमराव सालोदिया I.A.S.<br>निदेशक समाज कल्याण, 15/10/90 | The organization is doing very good work in solving local problems. They should also give attention to literacy and social evils. |
| 8 | श्री किशन सिंह मनोहर<br>विकास अधिकारी, सांभर 15/10/90 | मैं निर्माण संस्था के कार्यक्रमों की तहेदिल से सराहना करता हूँ। संस्था के संस्थापक के कार्य व्यवहार एवं कौशलता की दाद देता हूं कि ऐसा व्यक्ति क्षेत्र की ही नहीं समूचे प्रांत की उज्जवल ज्योति बन सकता है। |
| 9 | श्री अमरीश बेदी<br>विकास अधिकारी, सांभर 15/3/91 | निर्माण संस्था के कार्य एवं किये जा रहे प्रयास सराहनीय है। हमारे स्तर से हर प्रकार का सहयोग देने की कोशिश रहेगी। |
| 10 | श्री रामनारायण बैरवा, सांसद<br>2/7/91 | निर्माण संस्था के उत्कृष्ट कार्य से अत्यंत प्रभावित हुआ, यही प्रगति जारी रखे। |
| 11 | Sh. Jagroop Singh Yadav<br>S.D.M. Smabhar 1/8/91 | The organization is doing excellent work in this area in many fields. I wish it shall be able to generate awairness in public at large in the area. |
| 12 | श्री रणजीत खां उप पुलिस अधीक्षक,<br>सांभरलेक 6/8/91 | पुलिस और ग्रामीण विषय पर विचार विमर्श के लिए ग्रामीणों की साथ सम्मिलित हुआ। बहुत अच्छा लगा उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। |
| 13 | Sh. Hans Raj Indo German Social Society, Delhi 10/10/91 | I have come to study nursery plantation program of nirman sanstha. The work done is quite encouraging. |
| 14 | Sh. Harsh V. Bhatnagar S.D.M.<br>Sambbhar 16/6/92 | After discussing the activities and objectives of NSK it is quite clean that this is a voluntary organization in the true sense of the term. |
| 15 | M.S. मीनाक्षी हूजा, I.A.S. 5/10/92<br>निदेशक, जवाहर कला केंद्र, जयपुर | महिला मेले में शामिल हुई। वास्तव में संस्था का कार्य सराहनीय है। महिलाएं सबल हो यही हमारा सपना है। |
| 16 | Sh. BIGNNESS, INGER MARIE<br>NORAD, New Delhi 23/1/93 | We have made an official visit to organization to as a donor of NGO. We are pleased to see and learn about the effectiveness in the project components. We feel sure that the project money is spent well, thank you for showing us and we will discuss the future components when the draft 5 years plan is made. |
| 17 | श्री वीन्सेन्ट ई. ठाकुर 9/9/93<br>इण्डिया कनाडा को-ऑपरेशन, दिल्ली | थोड़े समय में जो भी गाँवों में देखा उससे प्रभावित हुआ। संस्था अपने उद्देश्यों की पूर्ति सफलतापूर्वक करे इस हेतु शुभकामनाएं। |
| 18 | M.S. रीता मैनन I.A.S. 20/1/94<br>निदेशक परिवार कल्याण दिल्ली | निदेशक से विस्तृत चर्चा हुई, कार्यकर्त्ताओं से संपर्क किया। ऐसा कार्य सभी करे तो भारत का नक्शा बदल जायेगा। |

# अतिथियों की नजर में निर्माण संस्था, खण्डेल

| क्र.सं. | नाम | प्रतिक्रिया |
|---|---|---|
| 19 | Sh. Edgor Bruser EZE BONN, Germeny 22/2/94 | Many thanks to the society welcome and the exposer to the activity of the organization. Many thanks for the future. |
| 20 | श्री एन.एम. मेहता, मॉनीटर कपार्ट नई दिल्ली 18/4/94 | आज मैंने निर्माण संस्था के कार्यकलापों को देखा। मैने इनके रिकार्ड एवं अन्य फाइलों का अध्ययन किया। वह इतना Systematic work हैं मैंने अपने जीवन में कोईग संस्था में रहते नहीं देखा। सारा कार्य एवं रिकार्ड पारदर्शी है। |
| 21 | श्री मदन दिलावर, समाज कल्याण राज्य मंत्री 15/10/95 | निर्माण संस्था का कार्य अत्यन्त सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। |
| 22 | Sh. Subodh K.R. CEVA Gaziabad 6/8/95 | It was nice experience to see project implemented by the agency. It was interested to know that project would divinely benefit to the people. I wish for it success in future. |
| 23 | Dr. Peter Gough, England 9/4/96 | My 10 days with you have been magnificent and the experience among the most important of my life. The work carried out here is an example to the real rural India and should receive maximum support both as local and abroad. |
| 24 | Sh. Jermmy Groome, IATP Oxford, England. 29/7/96 | I have spent an extremely interesting day with the staff and farmers. I hope that IATP and Nirman Sanstha can develop a framwork for a joint project in the future. |
| 25 | Sh. Purusottam Agarwal I.A.S. Director Agriculture, 15/9/96 | I had a fruitful experience attending foundation day function of Nirman Sanstha. I hereby to see enthusiasm and active participation and people in their development. I wish them a success. |
| 26 | श्री कन्हैया लाल वर्मा, चित्रकार, सांभरलेक 22/8/97 | निर्माण संस्था, खण्डेल भारतीय सांस्कृतिक परंपरा काएेसा सुरम्य आश्रम है, जहाँ श्री रामेश्वर लाल वर्मा साधना करते हैं। |
| 27 | Sh. Jameel A. Qureshi S.D.M. Sambhar Lake 3/9/98 | The instution is doing very appricate work for rural development and creating awairness amongst rural people. I wish for the success of the institution in future. |
| 28 | Sh. Julian Cottenden, England 7/4/99 | Wonderful experience for all of us. Thank you so much for all your afforts and hard work. RAM RAM |
| 29 | M.S. Yuouve MePeterland, PRO, Khandel Light, England 16/2/2005 | After 5 years working with Khandel Light it has been truly wonderful to see all the work of nsk. Now when I speak about Khandel I realy feel that I know the people and the places the achievements of NSK team are viewable. Thank you. |
| 30 | श्री नरेन्द्र कुमार बंसल S.D.M. Sambhar Lake 21/7/2006 | संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विषय में जागृति का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। संस्था परिसर में वर्षा जल संग्रहण का अभिनव मॉडल तैयार किया गया है। संस्था के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं। |
| 31 | Sh. Birbal Singh Shekhawat S.D.M. Sambhar Lake 5/4/08 | Nice & executing work is being done. Relief work are been taken which is appreciable. |
| 32 | Sh. Mohesh Choudhary, D.Y.S.P. Sambhar 6/8/2008 | It is a wonder to see a man with a vision of 100 years & managing it with dignity. |
| 33 | Priyanka Prayatan NGO 22/7/10 | Very good work. Unique model of simplecity and trust. Rameshwar Lal Ji with the mode of Nirman Sanstha is establishing landmarks for currrent and next generation. We wish him all the very best for his efforts. |








# NIRMAN SANSTHA FINANCIAL STATUS AT A GLANCE (Last 3 years)

## Abridged consolidated balance sheet

### YEAR 2019-20

| Liabilities | | Amount | Assets | | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| Capital Fund | | | Fixed Assets | | |
| Opening Balance | 1,045,571.00 | | (As per Annexure "A") | | 901,755.00 |
| Add: Addition | | | | | |
| Less: Depreciation | 143,816.00 | 901,755.00 | Cash & Bank Balances | | |
| | | | Cash in hand | 3,697.00 | |
| Corpus Fund | | 5,931,011.70 | PNB-0395000100069229 | 2,511,734.31 | |
| | | | PNB-0395000100067878 | 422,442.07 | |
| General Fund | | | FDR in PNB Phulera | 8,284,000.00 | |
| Opening Balance | 5,161,045.33 | | Accrued Intt. On FDR | 240,304.00 | 11,462,177.38 |
| Add: Excess of Income | | | | | |
| Over Expenditure | 502,118.35 | 5,663,163.68 | TDS (A.Y.2019-20) | | 62,383.00 |
| | | | TDS (A.Y.2020-21) | | 69,615.00 |
| | | **12,495,930.38** | | | **12,495,930.38** |

### YEAR 2020-21

| Liabilities | | Amount | Assets | | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| Capital Fund | | | Fixed Assets | | |
| Opening Balance | 901,755.00 | | (As per Annexure "A") | | 689,684.00 |
| Add: Addition | 43,175.00 | | | | |
| Less: WDV of Car Sales | 131,376.00 | | | | |
| Less: Depreciation | 123,870.00 | 689,684.00 | Cash & Bank Balances | | |
| | | | Cash in hand | 46,300.00 | |
| Corpus Fund | | 5,931,011.70 | PNB-0395000100069229 | 3,512,009.51 | |
| | | | PNB-0395000100067878 | 9,821,864.27 | 13,380,173.78 |
| General Fund | | | | | |
| Opening Balance | 5,663,163.68 | | | | |
| Add: Excess of Income | | | | | |
| Over Expenditure | 1,888,945.40 | 7,552,109.08 | TDS (A.Y.2019-20) | | 69,615.00 |
| | | | TDS (A.Y.2020-21) | | 33,332.00 |
| | | **14,172,804.78** | | | **14,172,804.78** |

### YEAR 2021-22

| Liabilities | | Amount | Assets | | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| Capital Fund | | | Fixed Assets | | |
| Opening Balance | 689,684.00 | | (As per Annexure "A") | | 637,734.00 |
| Add: Addition | 80,690.00 | | | | |
| Less: Depreciation | 132,640.00 | 637,734.00 | Cash & Bank Balances | | |
| | | | Cash in hand | 22,780.00 | |
| Corpus Fund | | 5,931,011.70 | PNB-0395000100069229 | 2,866,266.71 | |
| | | | PNB-0395000100067878 | 10,659,534.47 | |
| General Fund | | | SBI-39967186690 | 108,068.00 | 13656649.18 |
| Opening Balance | 7,552,109.08 | | | | |
| Add: Excess of Income | | | TDS (A.Y.2021-22) | | 33,332.00 |
| Over Expenditure | 259,712.40 | | TDS (A.Y.2022-23) | | 52,852.00 |
| | 7811821.48 | | | | |
| | 2,423,385.85 | 5,388,435.63 | | | |
| Unutilised Grant to be utilised in next year | | | | | |
| Khandel Light, England | | 2,423,385.85 | | | |
| | | **14,380,567.18** | | | **14,380,567.18** |

For J.K. Jaiman & Associates
Chartered Accountants
FRN - 014064C

(CA. Jitendra Kumar Jaiman)
Proprietor
M.No. - 407738

M.No. 407738 FRN - 014064C Chartered Accountants

Place : Jaipur
Date : 27-04-2022

For Nirman Sanstha
Director
NIRMAN SANSTHA
Khandel-Jaipur (Raj.)

(Rameshwar Lal Verma)
Director































# Abridged consolidated Income & Expenditure A/c for the 3 years

## YEAR 2019-20

| Expenditure | Amount | Income | | Amount |
|---|---|---|---|---|
| To Khandel Light, England Expenses | | | | |
| Employment Creation | 902,034.00 | By Greant Received from | | 4,396,480.00 |
| Drinking Water Supply | 1,222,400.00 | Khandel Light, England | | |
| Student Support Programme | 237,866.00 | | | |
| Toilet/Water House Construction | 58,000.00 | By Interest on SB Bank A/c | | |
| Women's Empowerment Programme | 288,019.00 | FCRA Account | 49,068.00 | |
| Staff Insurance | 46,107.00 | Indian Account | 9,476.00 | 58,544.00 |
| Salary to Project Staff | 788,745.00 | | | |
| Administrative Overheads | 267,013.00 | By Interest on FD A/c | | |
| Girls Parliament | 168,500.00 | FCRA Account | 151,513.00 | |
| Bank Chargers | 212.40 | Indian Account | 544,634.00 | 696,147.00 |
| Miscellaneous Expenses | 52,000.00 | | | |
| To NSK (FCRA) Expenditure | | By Membership Fees | | 2,350.00 |
| Employment Creation | 712,503.00 | | | |
| Administration Expenses | 56,490.45 | By Contribution from Beneficiaries | | 167,700.00 |
| To Indian Fund Expenditure | | By Interest on IT Refund | | 4,582.00 |
| Rashan Distribution in COVID-19 | 7,224.00 | | | |
| Bank Charges | 70.80 | | | |
| Tree Plantation Expenses | 9,100.00 | | | |
| Drinking Water Expenses | 7,000.00 | | | |
| Girls Parliament Travelling Exp | 400.00 | | | |
| To Excess of Income over Expenditure | 502,118.35 | | | |
| | **532525803.00** | | | **532525803.00** |

## YEAR 2020-21

| Expenditure | Amount | Income | | Amount |
|---|---|---|---|---|
| To Khandel Light, England Expenses | | | | |
| Employment Creation | 364,500.00 | By Greant Received from | | 4,528,350.00 |
| Drinking Water Supply | 1,169,160.00 | Khandel Light, England | | |
| Student Support Programme | 119,500.00 | | | |
| Toilet/Water House Construction | 28,000.00 | By Interest on SB Bank A/c | | |
| Women's Empowerment Programme | 398,370.00 | FCRA Account | 74,455.00 | |
| Staff Insurance | 37,374.00 | Indian Account | 20,121.00 | 94,576.00 |
| Salary to Project Staff | 645,200.00 | | | |
| Administrative Overheads | 350,174.00 | By Interest on FD A/c | | |
| Girls Parliament | 159,230.00 | FCRA Account | 75,112.00 | |
| Covid-19 Relief | 352,629.00 | Indian Account | 498,418.00 | 573,530.00 |
| Bank Chargers | 188.80 | | | |
| Games & Sports | 6,851.00 | By Membership Fees | | 1,300.00 |
| To Indian Fund Expenditure | | | | |
| Girls Parliament Expenses | 10,190.00 | By Contribution from Beneficiaries | | 201,700.00 |
| Bank Charges | 70.80 | | | |
| | | By Interest on IT Refund | | 4,467.00 |
| To Excess of Income over Expenditure | 1,888,945.40 | By IT Refund of Interest (AY 2019-20) | | 1,460.00 |
| | | By Car Sale | | 125,000.00 |
| | **5,530,383.00** | | | **5,530,383.00** |

## YEAR 2021-22

| Expenditure | Amount | Income | | Amount |
|---|---|---|---|---|
| To Khandel Light, England Expenses | | | | |
| Employment Creation | 672,403.00 | By Greant Received from | | |
| Drinking Water Supply | 984,760.00 | Khandel Light, England | 4,775,946.00 | |
| Toilet/Water House Construction | 49,000.00 | Rajeev Jain Info | 4,210,001.00 | 8,985,947.00 |
| Women's Empowerment Programme | 346,243.00 | | | |
| Staff Insurance | 40,806.00 | By Interest Income | | |
| Salary to Project Staff | 751,250.00 | from PNB-Saving A/c | 74,550.00 | |
| Administrative Overheads | 247,246.00 | from PNB-FD A/c-FCRA | 126,780.00 | |
| Girls Parliament | 1,460,066.00 | from SBI New Delhi-FCRA | 20,095.00 | |
| Covid-19 Relief Expenses | 268,200.00 | from PNB-Saving A/c-Local | 36,796.00 | |
| Bank Chargers | 424.80 | from PNB-FD A/c-Local | 401,738.00 | |
| | | on IT Refund-Local | 5,565.00 | 665,524.00 |
| To Covid-19 Relief Expenses (Rajiv Jain) | | | | |
| Relief Expenses | 3,316,386.00 | By Membership Fees | | 2,000.00 |
| Fodder Cutting Machine Purchases | 304,225.00 | By Contribution from Beneficiaries | | 369,500.00 |
| Decrepit Support Expenses | 113,061.00 | By Other Contribution | | 66,000.00 |
| Tin Shed Support Expenses | 207,302.00 | | | |
| Administration Expenses | 463,784.00 | | | |
| To FCRA NSK Expenditure | | | | |
| Employment Creation Expenses | 534,750.00 | | | |
| Administration Expenses | 8,986.00 | | | |
| To Indian Fund Expenditure | | | | |
| Sports Activities Expenses | 35,100.00 | | | |
| Administration Expenses | 8,035.00 | | | |
| Drinking Water Supply | 17,160.00 | | | |
| Bank Chargers | 70.80 | | | |
| To Excess of Income over Expenditure | 259,712.40 | | | |
| | **10,088,971.00** | | | **10,088,971.00** |

For J.K. Jaiman & Associates
Chartered Accountants
FRN - 014064C

(CA. Jitendra Kumar Jaiman)
Proprietor
M.No. - 407738

M.No. 407738
FRN - 014064C
Chartered Accountants

Place : Jaipur
Date : 27-04-2022

For Nirman Sanstha
Director
NIRMAN SANSTHA
Khandel-Jaipur (Raj.)

(Rameshwar Lal Verma)
Director











# निर्माण संस्था, खण्डेल, जयपुर

## सांख्यिकी उपलब्धियाँ वर्ष 1986 से मार्च, 2022 तक



| | | हमारे कार्य क्रम | 1986 से मार्च 2022 तक |
|---|---|---|---|
| 1. | | कार्यक्षेत्र | 30 गांव |
| 2. | | कृषि विकास कार्यक्रम : | |
| | क | नवकूप निर्माण / कूप सुधार | 74 |
| | ख | भू-सूधार ( एकड़ ) | 4042 |
| | ग | आयवर्धन/फसली ऋण | 1335 |
| | घ | फसल प्रदर्शन | 537 |
| | ड़ | गाँवाई तालाब खोदना | 64 |
| 3. | | शैक्षणिक कार्यक्रम | |
| | क | रात्रि स्कूल | 45 |
| | ख | पुस्तकालय पाठक | 100014 |
| | ग | शैक्षणिकभ्रमण संख्या ग्रामीण/बालिका | 30/2908 |
| | घ | विद्यार्थी परिवहन सेवा | 168 |
| | ड़ | विद्यार्थी सहायता कार्यक्रम | 1349 |
| 4. | | प्रशिक्षण एवं रोजगार | |
| | क | रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण लाभार्थी | 514 |
| 5. | | नर्सरी एवं वृक्षारोपण | |
| | क | नर्सरी में तैयार पौधे | 942012 |
| | ख | वृक्षारोपण | 943161 |
| 6. | | जागरण कार्यक्रम | |
| | क | पर्यावरण जागरण शिविर | 91 |
| | ख | कानूनी सहायता | 26 |
| | ग | सामुदायिक बैठकें | 525 |
| | घ | बैठकों में सम्मिलित ग्रामीण | 185193 |
| 7. | | महिला विकास कार्यक्रम | |
| | क | किशोरी बालिका समृद्धीकरण | 8098 |
| | ख | साक्षर महिला | 5739 |
| | ग | महिला स्व सहायता समूह | 20/569 |
| | घ | बालिका संसद 2018-19 से ( कुल बालिकाएं ) | 2345 |
| 8. | | पेयजल कार्यक्रम : | |
| | क | कूपसूधार एवं सफाई | 34 |
| | ख | हैण्डपम्प संधारण | 32 |
| | ग | प्रयोगशाला में पानी परीक्षण | 752 |
| | घ | टैंकर द्वारा जल वितरण ( लाभार्थी परिवार ) | 74921 |
| 9. | | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा : | |
| | क | नाक, कान, गला, आँख का चिकित्सा शिविर | 27 |
| | ख | लाभान्वित मरीज | 6832 |
| | ग | ग्रामीण प्रसव एवं प्रसवोत्तर सेवा | 3129 |
| | घ | किशोरी बालिकाओं को सेनेट्री नेपकिन वितरण | 4976 |
| 10. | | युवा एवं खेलकूद कार्यक्रम | |
| | क | खेलकूद प्रतियोगिताएं | 33 |
| | ख | लाभान्वित युवा | 8221 |
| 11. | | विविध कार्यक्रम | |
| | क | आपदा राहत ( अग्नि,प्राकृतिक कारण, वृद्ध ) | 1776 |
| | ख | गरीब परिवारों की पहचान | 24136 |
| | ग | प्रशिक्षण एवं कार्यशाला | 210 |
| | घ | शौचालय निर्माण | 562 |
| | ड़ | पशु चिकित्सा | 12458 |
| | च | अन्न भंडारण प्रशिक्षणार्थी | 580 |
| | छ | गरीब को छत ( लोहे के टीन शेड ) | 554 |
| | ज | जल घर निर्माण | 704 |
| | झ | जीवन ज्योति निवास | 69 |
| | | बकरी विकास कार्यक्रम ( जानवर ) | 338 |
| | ट | प्रयोगशाला में मिट्टी, पानी परीक्षण | 1308 |
| | ठ | रोजगार सृजन ( मानव दिवस ) | 548253 |
| 12. | | कोरोना आपदा राहत विशेष कार्य | |
| | क | राशन किट वितरण | 2450 |
| | ख | रिफ्रेशमेन्ट/अल्पाहार-बिस्किट 3869, ज्यूस 1942, चॉकलेट 3869 | 11652 |
| | ग | मास्क वितरण ( लाभार्थी ग्रामीण-2450 ) | 7350 |
| | घ | दुपट्टा/स्टाल वितरण | 434 |
| | ड़ | हस्तबल चलित चारा काटने की मशीन वितरण | 39 |
| | च | निर्बल जन कंबल, गद्दा, बेडशीट वितरण | 41 |
| | छ | प्रतिभावान् बालिकाओं को 4जी टेबलेट वितरण | 40 |

